(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) कोलियरी नियंत्रण आदेश 1945 के अन्तर्गत दिनांक 30-12-1988 को जारी अधिसूचना के अनुसार, कोयले की लाभकारी ताप-क्षमता के आधार पर अकोकिकर कोयले को "ए" से "जी" ग्रेड में वर्गीकृत किया गया है। कोयला नियंत्रक ने इस संबंध में सूचना दी है कि चूंकि जमदोबा और पश्चिमी बोकारो की कोलियरियों में मात्र कोकिकर कोयले का उत्पादन होता है, अतः उत्पादन किया गया उक्त कोयला "ए", "बी" अथवा "सी" में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है चूंकि ये ग्रेड मात्र कोकिकर कोयले के लिए प्रयुक्त होते हैं। किन्तु कोयला नियंत्रक द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इन खानों से उत्पादित कोयले का एक हिस्सा धातुकर्मीय उद्देश्यों के लिए उपयुक्त पाया गया था और कंपनी ने इसकी समय-समय पर निकासी किये जाने के लिए कोयला नियंत्रक की अनुमति मांगी थी। वर्ष 1986-90 (जुलाई तक) की अवधि के दौरान 10.40 मि. टन के कुल कोयले के उत्पादन में से कोयला नियंत्रक द्वारा निरीक्षणोपरान्त विपणन के लिए 0.52 मि. टन कोयले की गैर धातुकर्मीय उपभोक्ताओं को आपूर्ति की गई। कोयला नियंत्रक द्वारा यह सूचना दी गई है कि कीमतों के निर्धारण के प्रयोजन से, कंपनी द्वारा उक्त कोयले को ग्रड "डी" तथा "एफ" में रखा गया है। किन्तु बिहार सरकार ने रायल्टी तथा उपकर की अदायगी के लिए कोयले की उक्त मात्रा को भी कोकिकर कोयले के रूप में शामिल किये जाने का एक मामला दायर किया है।

(ख) और (ग) जी, नहीं। यह मामला राज्य सरकार से सम्बद्ध है जिसने कंपनी द्वारा गैर-धातुकर्मी उपभोक्ताओं को विपणन किये कोकिकर कोयले के संबंध में लागू रायल्टी तथा उपकर की वसूली की जाने के लिए कंपनी के विरुद्ध पहले ही एक मामला दायर कर दिया है।

Scheme to Store Gas in Narimanam Area by ONGC

*93. SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) what is the daily production of gas in the Cauvery basin;

(b) whether the Oil and Natural Gas Commission has conceived a scheme to store gas for future use in Narimanam area; and

(c) if so, whether the work has begun and by when it is likely to be completed?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): (a) Presently approximately 0.242 MMCMD of gas is being produced in the Cauvery Basin.

(b) and (c) ONGS's plans for setting up underground injection/storage facilities for 1 to 2 lakh cubic metres per day of surplus associate gas produced in the Cauvery Basin is at conceptual stage. The implementation of such a scheme will depend on its techno-economic feasibility.

मारुति-1000 कारों का निर्माण

*94. **श्री अनन्तराम जायसवाल** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मारुति उद्योग लिमिटेड को मारुति-1000 कारों का निर्माण करने की अनुमति इस आधार पर दी है कि इसके निर्माण पर व्यय होने वाली विदेशी मुद्रा का अर्जन मारुति उद्योग स्वयं करेगा ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार की विलासितापूर्ण कारों के निर्माण पर दुर्लभ विदेशी मुद्रा व्यय करना कहां तक उचित है ; और

(ग) क्या सरकार इस मामले पर पुनर्विचार करने और इस प्रकार की